न्यायालय श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी व सहायक जिलाधीश, मसूदा

राजस्व प्रा0 पत्र सं0 47/2015

श्री श्यामलाल पुत्र श्री शंकरलाल माली उम्र 45 वर्ष जाति माली निवासी ग्राम बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर।

—— प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री अलादीन पुत्र श्री हुसैन नीलगर उम्र बालिग जाति मुसलमान
2. श्री रमजू पुत्र श्री हुसैन नीलगर उम्र बालिग जाति मुसलमान
3. रहमती पुत्री श्री हुसैन नीलगर उम्र बालिग जाति मुसलमान
4. छोटी पुत्री श्री हुसैन नीलगर उम्र बालिग जाति मुसलमान
5. श्रीमती गीता पत्नी श्री रामदेव उम्र बालिग जाति भांबी
6. श्री दिनेश पुत्र श्री रामदेव उम्र बालिग जाति भांबी
7. श्री रामचन्द्र पुत्र श्री छोगा बैरवा उम्र बालिग जाति बैरवा
8. श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री जमनालाल उम्र बालिग जाति जाट
9. श्री घीसा पुत्र श्री गोरधन जाट उम्र बालिग जाति जाट
10. श्री हनीफ मोहम्मद पुत्र श्री इस्माईल उम्र बालिग जाति मुसलमान
11. श्री अब्दुल इनायत पुत्र श्री कमरूदीन उम्र बालिग जाति मुसलमान
12. श्री अब्दुल इकराम पुत्र श्री कमरूदीन उम्र बालिग जाति मुसलमान
13. जेनव पुत्री श्री कमरूदीन उम्र बालिग जाति मुसलमान
14. रिजवाना पुत्री श्री कमरूदीन उम्र बालिग जाति मुसलमान
15. श्री सतार पुत्र श्री अलादीन नीलगर उम्र बालिग जाति मुसलमान
16. श्री गफार पुत्र श्री अलादीन नीलगर उम्र बालिग जाति मुसलमान
17. श्रीमती बानू पत्नी श्री अलादीन नीलगर उम्र बालिग जाति मुसलमान
    समस्त निवासीगण ग्राम बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर।
18. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बिजयनगर जिला अजमेर।

—— अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

:– निर्णय :– दिनांक 13.06.2016

इस प्रार्थना पत्र में प्रार्थीया ने सारांशतः निवेदन किया है कि ग्राम बरल द्वितीय तहसील बिजयनगर जिला अजमेर स्थित अराज खसरा न0 1371 रकबा 01–01–10 बीघा किस्म चाही। उसकी खुदकाश्त से खातेदारी की भूमि है जिसके पडौसी काश्तकार अप्रार्थीगण सं0 1 से 17 है। प्रार्थी की इस भूमि की सीमा को लेकर प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण/पडौसी काश्तकारान के मध्य विवाद होता रहता है। प्रार्थी ने तहसील कार्यालय बिजयनगर से दिनांक 06.06.2015 को सीमाज्ञान करवाया था परन्तु अप्रार्थीगण वास्तविक स्थिति को भ्रमित करते हुए प्रार्थी की भूमि पर कब्जा बनाए हुए हैं और झगडा करने पर आमादा है। अतः प्रार्थी अपनी भूमि के स्थाई चिन्ह कायम करवाना चाहता है। प्रार्थना पत्र स्वीकार करवा कर पत्थरगढी कराकर स्थाई चिन्ह कायम करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करावें।

प्रकरण आज न्याय आपके द्वार कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुख्यालय बरल द्वितीय पर पेश हुआ। पक्षकारान उपस्थित। उन्हें सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम बरल द्वितीय की जमाबंदी संवत् 2070–2073 के खाता सं0 698 की अराजी खसरा न0 1371 रकबा 01–01–10 बीघा भूमि में प्रार्थी खातेदार है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी को अपनी अराजी की पत्थरगढी करवाने का अधिकार है अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है और आदेश दिये जाते हैं कि प्रार्थीगण की ग्राम बरल द्वितीय स्थित अराजी खसरा न0 1371 रकबा 01–01–10 बीघा भूमि का सीमांकन कर पत्थरगढी करने हेतु तहसीलदार बिजयनगर को रु. 1500/– पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है और निर्देशित किया जाता है कि वह मौके पर नियमानुसार सीमांकन कर पत्थरगढी करवाना सुनिश्चित करें।

निर्णय आज दिनांक 13.06.2016 को ''न्याय आपके द्वार'' कार्यक्रम मुकाम बरल द्वितीय पर मजमें आम में सुनाया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2020.02.04 15:45:39 IST
Reason: SelfAttested